UG 4TH Semester Examination
Award : BA (HONOURS)
Discipline : HINDI
Course Type : CC9
Course Code : BAHHINC 402
Course Name : HINDI UPANYAS
MODEL QUESTIONS

1. निम्नलिखित लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1X

   क) हिन्दी का प्रथम उपन्यास का नाम क्या है ?

   ख) हिन्दी में जासूसी उपन्यासों के जन्मदाता कौन हैं ?

   ग) मुंशी प्रेमचंद का प्रथम प्रौढ़ उपन्यास का नाम लिखिए ?

   घ) प्रेमचंद किस प्रकार के उपन्यासकार माने जाते हैं ?

   ङ) 'सेवासदन' उर्दू में किस नाम से प्रकाशित हुई थी ?

   च) आरम्भ में मुंशी प्रेमचंद जी किस उपनाम से लिखते थे ?

   छ) जैनेन्द्र का अंतिम उपन्यास कौन सा है ?

   ज) त्यागपत्र किसकी रचना है ?

   झ) 'महाभोज' किसकी रचना है ?

   ञ) जैनेन्द्र के उपन्यासों की एक विशेषता लिखिए ?

   ट) 'बकरी' की विधा क्या है ?

   ठ) 'ग्लोबल गाँव के देवता' किनकी कृति है ?

   ड) 'रुमझुम असूर' किस उपन्यास का पात्र है ?

   ढ) 'सेवासदन' उपन्यास का प्रमुख पात्र कौन हैं ?

   ण) 'ग्लोबल' का हिन्दी अर्थ क्या है ?

2. निम्नलिखित लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2X

   क) दो मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकारों का नाम लिखिए।

   ख) जैनेन्द्र को कब और किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था ?

   ग) प्रेमचंद के अंतिम उपन्यास का नाम और उसका प्रकाशन वर्ष लिखिए ?

   घ) हिन्दी के दो आंचलिक उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

   ङ) 'त्यागपत्र' के दो पात्रों का नाम लिखिए ?

   च) लालचन दा और ऐतवारी किस उपन्यास के पात्र हैं ?

   छ) 'एक इंच मुस्कान' किन दो रचनाकारों ने मिलकर लिखा था ?

   ज) 'ग्लोबल गांव के देवता' कौन है और क्यों ?

   झ) 'रणेन्द्र' का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

3. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5X

क) "पहले वह कुछ भी जानता–समझता नहीं था। जानने–समझने की कोई इच्छा भी नहीं थी। पर अब जानने लगा है। और जितना जानता है, उससे बहुत ज्यादा जानने की इच्छा है, बल्कि सब कुछ जान लेने की इच्छा है।"

ख) "अकेले रहने के बावजूद तब एक बार फिर नए सिरे से अकेलेपन की भाव जागा था, बहुत तीखा और कटु होकर। अपमान की भावना ने उस दंश को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया था।"

ग) "आजकल धर्म तो धूर्तों का अड्डा बना हुआ है, इस निर्मल सागर में एक से एक मगरमच्छ पड़े हुए हैं। भोले–भाले भक्तों को निगल जाना उनका काम है। लम्बी–लम्बी जटाएँ, लम्बे–लम्बे तिलक छापे, और लम्बी–लम्बी दाढ़ियाँ देखकर लोग धोखे में आ जाते हैं, पर वह सब के सब महा पाखंडी, धर्म के उज्ज्वल नाम को कलंकित करने वाले, धर्म के नाम पर टका कमाने वाले, भोग–विलास करने वाले, पापी हैं"

घ) "उन्होंने ही मुझे छोड़ा है। मैं स्त्री–धर्म पतिव्रत धर्म ही मानती हूँ। उसका स्वतंत्र धर्म मैं नहीं मानती। क्या पतिव्रता को यह चाहिए कि पति उसे नहीं चाहता तब भी वह अपना भार उस पर डाले रहे।"

ङ) "अरे मास्टर साहब! क्या ता आदिवासियों का आवासीय स्कूल! पहले जाकर पाथरपाट का जगप्रसिद्ध स्कूल देख आइए। तब समझ में आ जाएगा कि असल स्कूल क्या होता है और फुसलाने वाला स्कूल क्या होता है।"

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10X

क) 'आपका बंटी' शीर्षक उपन्यास का मूल उद्देश्य और इसमें चित्रित समस्याओं का विवेचन कीजिए।

ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास की नायिका मृणाल के चरित्र में आत्म सम्मान और आत्म गौरव की तीव्र भावना है, स्पष्ट कीजिए।

ग) आदिवासी विमर्श को रेखांकित करते हुए 'ग्लोबल गाँव के देवता' शीर्षक उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

घ) औपन्यासिक तत्त्वों के आधार पर सेवासदन उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

ङ) 'आपका बंटी' उपन्यास के आधार पर बंटी का मनोविश्लेषणात्मक चित्रण कीजिए।

च) 'सेवासदन' उपन्यास के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

छ) हिन्दी उपन्यास के उद्भव और विकास पर निबंध लिखिए।